जॉच शिविर का आयोजन

करौली (नि.स.)। डांग विकास संस्थान करौली द्वारा लेदोर खुर्द के अंबेडकर भवन में लंग्स फंक्शन टेस्ट सांस की बीमारीयो की जांच, फेफड़ों की कार्य क्षमता को जांचने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया कि नवीन तकनीकी से तैयार की गई डिवाइस से सिलिकोसिस पीड़ित व खान मजदूरों की फेफड़ों की कार्य क्षमता की जांच की गईं जिससे फेफड़े की कार्य क्षमता का पता लगा कर बीमारी का सापेक्ष निदान हो पायेगा। इसी उद्देश्य से संस्थान द्वारा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं डांग विकास संस्थान की टीम के राजेश शर्मा, सोनू माली, विक्रम सिंह जाटव को प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया उनके द्वारा जॉच की जा रही है शिविर में 101 खान मजदूरों व सिलिकोसिस पीड़ितो की जांच की गईं। जांच रिपोर्ट को व्यवसायिक स्वास्थय विशेषज्ञ के द्वारा जॉच कराकर उचित पैरवी के साथ निदान करवाया जायेगा। डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सिलिकोसिस पीड़ितो,खान मजदूरों को निशुल्क कफ सीरप, मल्टीविटामिन, लीवोसिट्राजिन, प्रोटीन पाउडर, सांस लेने बाला पंप आदि दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर खान मजदूर यूनियन के नेकराम जाटव संस्थान के विक्रम सिंह, रामकुमार व सन्तोष मंगल का पूर्ण सहयोग रहा।

गंगापुर में अग्र भागवत कलश शोभा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

अग्र कथा में कलश यात्रा में शामिल महिलाऐ।

- गंगापुर सिटी के तत्वावधान में 28 मार्च से 30 मार्च तक अग्रवाल धर्मशाला में अग्र भागवत कथा के आयोजन

गंगापुर सिटी। अग्रवाल महिला मंडल गंगापुर सिटी के तत्वावधान में 28 मार्च से 30 मार्च तक अग्रवाल धर्मशाला में अग्र भागवत कथा के आयोजन के चलते गुरुवार को प्रात: 9 बजे श्री कल्याण जी मंदिर परिसर से विशाल कलश शोभायात्रा मुख्य बाजारों से होती हुई अग्रवाल धर्मशाला पहुंची। शोभा यात्रा का मुख्य बाजारों में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा में अग्र भागवत कथा के मुख्य यजमान महेश पट्टी वाले रहे। कलश शोभा यात्रा के मुख्य अतिथि चंद्रभान स्वास्तिक रहे एवं कलश यात्रा सहयोग के रूप में युवा संगठन मिर्जापुर मनोहर गुप्ता, विश्वनाथ गोयल, पंकज तेल, रविशंकर गुप्ता आदि रहे।

तांबे कलश की जिम्मेदारी मिर्जापुर अग्रवाल महिला अध्यक्ष रजनी सिंघल, निशा गोयल, अनामिका सिंघल, मीनू अग्रवाल, अनिता खूंटामार आदि ने संभाली। स्टील कलश व्यवस्था में अग्रवाल महिला सेवा समिति अध्यक्ष पदमा अग्रवाल मंजू मंगलम आदि ने संभाली। मुख्य संयोजक सरोज गर्ग एवं व्यवस्था अग्रवाल महिला जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग की टीम द्वारा की गई। रथ के सारथी भामाशाह ओम प्रकाश सरमथुरा रहे। कलश यात्रा में एक रथ पर कथा वाचक कमलेश गर्ग वैदिक विदुषी राष्ट ीय कथा वाचिका विराजमान थी, दूसरे रथ पर भगवान अग्रसेन महाराज विराजमान थे। कलश शोभा यात्रा में अग्रवाल समाज की हजारों महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं के सिर पर कलश एवं हाथों में अग्रसेन महाराज के 18 पुत्रों के नाम की पट्टिका लिए हुऐ चल रही थी। अग्रवाल समाज के हजारों महिला पुरुष भगवान अग्रसेन महाराज के जयकारे, राम कृष्ण के जयकारे लगाते हुए बैंड बाजा के साथ नाचते गाते हुए चल रहे थे। कलश शोभा यात्रा श्रीजी मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए अग्रवाल भवन ट्रस्ट तक पहुंची जहां अग्रवाल भवन ट्रस्ट की ओर से प्रसादी वितरण की गई।

इससे पूर्व अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष घनश्याम दास बजाज, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुट्टा, प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र गर्ग, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष सुनीता सराफ करौली, उदेई मोड अध्यक्ष पंकज मंगलम, मिर्जापुर अग्रवाल समाज अध्यक्ष चंद्रभान स्वास्तिक, अग्रवाल शिक्षण संस्थान अध्यक्ष गिर्राज गुप्ता, अग्रवाल भवन ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश चंद रायपुर, अग्रवाल कर्मचारी समिति अध्यक्ष राधामोहन गोयल, जिला महामंत्री गोविंद बरनाला, मंगती लाल, इंद्रलाल एडवोकेट, वेद प्रकाश मंगल, राजकुमार गोयंका, प्रेमचंद तलवाडा, नरेश गुप्ता, ओमप्रकाश घी वाले, पूरण सिंघल, नवल बाडासांवटा, मनीष सिंघल, सुनील फर्नीचर, मदन मोहन अभिकर्ता, गोपाल गर्ग बैराडा,अशोक मंगल, सतीश गेरई, हरिओम भगत ,रवि बरियां, महिला संगठन की गुड्डी आर्य, आशा गुप्ता, रीना मित्तल, सुनीता आर्य, मिथिलेश मित्तल, शकुंतला गुप्ता, मंजू गर्ग, साक्षी गुप्ता, रेखा गुप्ता ,सुमन आर्य, संजना मित्तल रत्ना गुप्ता, सरिता गुप्ता आदि समाज के महिला पुरुषों पदाधिकारीयों ने श्री कल्याण जी मंदिर में विधि विधान से अग्र भागवत की विधि विधान से पूजा अर्चना की अग्रवाल समाज समिति प्रचार प्रसार मंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि अग्रभागवत कथा में शुक्रवार को अग्रसेन महाराज का राज्याभिषेक, अग्रसेन महाराज का विवाह उत्सव के साथ होली मिलन समारोह मनाया जावेगा ३० मार्च शनिवार को सुदामा चरित्र वर्णन, महा आरती एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रहेगा।

सार-समाचार

एईएन को ज्ञापन सौंपा

हिंडौन सिटी । बिजली निगम कर्मचारी अगर सिंह जाटव से बिजली बिल वसूली के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट करने के मामले में कर्मचारियों ने एईएन सीताराम मीणा को अधीक्षण अभियंता के नाम ज्ञापन देकर घटना की निंदा की। ज्ञापन में बताया कि जयपुर विद्युत वितरण निगम के शुरू किए गए राजस्व वसूली अभियान में झारेडा एक्सप्रेस फीडर पर कार्यरत कर्मचारी अमरसिंह जाटव, तकनीकी सहायक प्रथम 20 मार्च को दोपहर 11:55 बजे कार्यक्षेत्र में बकाया बिलों की वसूली करने जा रहे थे।इसी दौरान कुछ लोगों ने कर्मचारी से बदसलूकी करते हुए लाठी से हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस को शिकायत दिए जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई जिसे लेकर कर्मचारियों में आक्रोश है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग रखी गई है। ज्ञापन देने के दौरान वीरेंद्र सारस्वत, विक्रम जाटव, अजित, गुलाब, धनेश आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की

हिंडौन सिटी । सदर थाना के सिकरौदा में गुरुवार सुबह करीब 7 बजे जमीनी विवाद को लेकर एक दंपती के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। जिसमें घायल पति-पत्नी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। डॉ. मनोज जांगिड़ ने बताया कि घायलों में सिकरौदा मीना निवासी रामनरेश जाटव और उसकी पत्नी रामनिरी जाटव है। धारदार हथियारों से हमले में रामनरेश जाटव के सिर पर गंभीर चोट आई है। वहीं महिला को अंदरूनी चोट है। घायल के बेटे लवकुश जाटव ने बताया कि आज सुबह उसके पिता घर पर मौजूद थे। इस दौरान गांव के 10-15 लोग लाठी-डंडा और धारदार हथियारों के साथ घर पर आ धमके। जिसमें दूसरे पक्ष ने जमीनी विवाद में रंजिश को लेकर उसके पिता पर हमला शुरू कर दिया। हमले के बाद चीख सुनकर उसकी मां रामनिरी और स्वयं बीचबचाव करने पहुंचे, तो हमलावरों ने तीनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद हमलावरों के भाग जाने के बाद घायल जिला अस्पताल पहुंचे। वहीं सदर थाना पुलिस को पीड़ित पक्ष ने मारपीट की सूचना दे दी है।

टीम ने पकड़े पौने तीन लाख रूपए

गंगापुर सिटी। लोकसभा आम चुनाव 2024 में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने एंव चुनाव अभियान के दौरान निगरानी रखते हुए अनूप सिंह सहायक रिटर्निंग अधिकारी के निर्देशन में गुरूवार को रात्री साढे 12 बजे सूचना मिलने पर वाहन चैकिंग के दौरान बृजकिशोर मीना कार्यापालक मजिस्ट्रेट एफएसटी-3 द्वारा मीनापाडा मोड पर वाहन संख्या बोलेरो पीकप आरजे 25-जीए-563० की तलाशी ली गयी जिसमें नकद राशि 2 लाख 75 हजार रूपये मिलने पर वाहन चालक मोनू कुमार द्वारा उक्त राशि के बारे में पूछने पर संतोष जनक जबाब नहीं दिया गया। दीपक कुमार मीना प्रभारी एफएसटी प्रकोष्ठ ने बताया कि पूछताछ के आधार पर प्राथमिक रूप से उक्त राशि का मतदाताओ में बांटने के रूप में काम आने का अंदेशा होने पर वाहन चैकिंग के दौरान मिली राशि को जब्त करते हुए सीजर की कार्यवाही की गई।

भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

करौली (नि.स.)। करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव और भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया सहित भाजपा के सैकड़ो पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ यहां के पुराने कलेक्ट्रेट स्थित जैन नसिया में गुरुवार शाम 6:00 बजे विद्वान पंडित के मंत्र चरणों के बीच कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इसी मौके पर चुनाव प्रचार की रणनीति तैयार की भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी इंदुदेवी जाटव के समर्थन में आज शुक्रवार को को प्रात हा 9:00 बजे महावीरजी स्थित श्रीमहावीर भगवान मंदिर पहुंचेंगे। जहां महावीर भगवान के दर्शन लाभ लेकर प्रत्याशी के साथ भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता क्षेत्र के कैमला, रोसी, रलावता, तेसगांव,बड़ागांव, कैमरी होते हुए जगदीश धाम पहुंचेंगे जहां प्रात: 11:30 बजे जगदीश धाम के दर्शन लाभ लेंगे उसके बाद नादौती, आलूदा, सलाबाद, आमकाजहीरा,गढ़मोरा,राजाहेड़ा, गुड़ाचंद्रजी आदि गांवो में जनसंपर्क करेंगे। उन्होंने बताया कि इसी श्रृंखला में गुढ़ाचंद्रजी में पहुंचकर शाम 6:00 बजे देवी मां के दर्शन लाभ लेंगे। उसके बाद लाहबद,शहर, सोप पहुंचेंगे जहां रात्रि विश्राम करेंगे। उन्होंने बताया कि जनसंपर्क के दौरान प्रदेश कार्यकारी सदस्य अशोक सिंह, एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र शेखपुरा,पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र मीणा आदि साथ रहेंगे।

कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन

करौली (नि.स.)। राजस्थान राज्य अधिकृत राशन विक्रेता नियोजक संघ द्वारा कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर और जिला रसद अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। राशन डीलर संघ ने ज्ञापन सौंप कर सरकारी योजनाओं का राशन दुकान तक पहुंचाने और माल की उतराई निगम द्वारा ही देने की मांग की है। राशन डीलरों ने 6 माह से लंबित कमीशन भी जारी करने की मांग की है। इस दौरान राशन डीलरो द्वारा सप्लाई में दो से ढाई क्विंटल माल कम मिलने का भी आरोप लगाया है।राशन डीलर संघ अध्यक्ष अभिषेक कौशिक ने बताया कि राशन डीलरों को पिछले 6 माह से कमीशन का भुगतान नहीं हुआ है। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का राशन वितरण के लिए उन्हें दुकान तक पहुंचाया जाता है। ट्रैक्टर या पिकअप से दुकान तक माल की उतराई राशन डीलर को देनी पड़ रही है। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। जबकि अन्य जिलों में राशन की उतराई निगम द्वारा दी जाती है। मामले को लेकर जब विभागीय अधिकारियों से शिकायत की तो 21 मार्च को आदेश जारी किए गए। लेकिन निगम द्वारा अभी भी आदेश की पालना नहीं की जा रही। ऐसे में राशन डीलरों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। राशन डीलरों का आरोप है कि अगर जल्द आदेशों की पालना नहीं हुई तो 1 अप्रैल से राशन डीलर उतराई देने में असमर्थ हैं। राशन डीलर संघ द्वारा कलेक्टर और डीएसओ से जल्द कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान रमेष चन्द मीना, मोहम्मद शाकिर, लक्ष्मी नारायण आदि राशन डीलर उपस्थित थे।

शांतिपूर्ण, भयमुक्त व पूर्ण पारदर्शिता के साथ हो लोकसभा चुनाव : सामान्य पर्यवेक्षक

करौली (नि.स.) लोकसभा चुनाव के प्रकोष्ठ प्रभारियों की समीक्षा बैठक को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में संबोधित करते हुए सामान्य पर्यवेक्षक एम हरि जवाहरलाल ने कहा कि प्रकोष्ठ प्रभारी आवंटित कार्य समय पर पूर्ण करें लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में हो इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाये।

उन्होंने पीपीटी के माध्यम से प्रकोष्ठ वाईज गतिविधियों की स्थिति से रूबरू होते हुए कहा कि सहायक रिर्टनिंग आफिसर और पुलिस उपाधीक्षक पोलिंग बूथ का संयुक्त निरीक्षण करें क्षेत्र में फ्लैग मार्च और अन्य जागरूकता परक गतिविधियों के माध्यम से भयमुक्त मतदान के संदेश प्रसारित करें, तरीकेबद्ध मॉनीटरिंग के लिए सुनिश्चित करें। कि बेव कैमरा मतदान केन्द्र के समस्त ऐरिया को कवर करें और इसके लिए वेबकास्टिंग संचालक को टेनिंग दी जाये। उन्होंने मतदान प्रतिशत को बढाने पर जोर देते हुए स्वीप गतिविधिया कार्ययोजना बनाकर आयोजित की जाये। उन्होंने कहा कि कम मतदान वाले पोलिंग बूथ की पहचान कर जागरूकता की कार्य योजना बनाएं, नये मतदाताओं को प्रेरित करें और बाहर कार्यरत श्रमिकों की पहचान कर उन्हें मतदान दिवस पर मतदान के लिए बुलावा पत्र भिजवायें, स्वयं सहायता समूह और महिला व बाल विकास विभाग की ओर से मतदाता प्रेरित गतिविधियां करने सहित अच्छे मतदान केन्द्र बनाकर भी मतदान प्रतिशत को बढाया जा सकता है। उन्होंने वलनरेबल बूथ, इंटीमिडेटर्स की स्थिति से रूबरू होकर पाबंदी की प्रक्रिया समय से पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये।

संभागीय आयुक्त साबरमल वर्मा ने प्रकोष्ठ प्रभारियों सहित वीसी के माध्यम से जुडे सहायक रिर्टनिंग अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मतदान केन्द्रो पर मतदाता जागरूकता की गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाये, सहायक रिर्टनिंग अधिकारी आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन स्थिति पर ध्यान दें, परिवहन विभाग और आबकारी सीजर्स की कार्यवाही बढावें, पुलिस लॉ एंड आर्डर की पालना कराने। उन्होंने एलडीएम को 1 लाख से अधिक के लेनदेन की रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश प्रदान करते हुए टीम द्वारा जप्त राशि की प्राप्ति के लिए संबंधित को अपील के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने एफएसटी द्वारा वाहनों की तरीकेबद्ध जांच और जांच वाहनों की रिपोर्ट के निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि सहायक रिर्टनिंग अधिकारी कम मतदान वाले पोलिंग बूथ पर मतदान प्रतिशत कम होने के कारणों का पता करें जिससे मतदान प्रतिशत का बढाया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने पीपीटी के माध्यम से पुलिस स्टेशन, पोलिंग बूथ, वेबकास्टिंग प्लान, विभागों द्वारा सीजर्स कार्यवाही स्थिति, कम्पलैंट मैनेजमेंट, वाहन व्यवस्था, ट्रेनिंग स्थिति, लॉ एंड आर्डर, स्वीप गतिविधियां, पोस्टल वैलेट पेपर की स्लाईड रखते हुए अभी तक की कार्यस्थिति से अवगत कराया।

प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल करेंगे हर गोविन्द कटारिया का सम्मान

- समारोह में विभिन्न राज्यो, केन्द्र शासित प्रदेशो विभिन्न राष्ट्रो के प्रतिनिधी सम्मलित होगे

गंगापुर सिटी। राजस्थान स्थापना दिवस ३० मार्च को जयपुर शहर में जी-22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति, पंचशील सिद्धान्त को वैश्विक स्तर पर नैतिक समर्थन पर महामहिम प्रथम उपराष्ट पति नेपाल न्यायमूर्ति परमानन्द झा के कर कमलो द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक संस्कारित क्षैत्र में क्षैत्रिय सामाजिक कार्यकर्त्ता हर गोविन्द कटारिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक काग्रेस कमेटी गंगापुर सिटी का राजस्थान समरसता रतन अवार्ड, अभिनन्दन पत्र, मेडल, शाफा, शाल, स्मृति चिन्ह भेंट कर किया जायेगा।

मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट-वेस्ट लॉफर्म काठमाण्डौ नेपाल ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एंव राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के संयुक्त तत्वाधान में जयपुर शहर में राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जी-22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का भव्य आयोजन स्व: पोषित वित्तिय व्यय योजना के अन्तर्गत रखा गया है।

समारोह में भारत-नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्न उत्थान हो, भारत पुन: वैदिक कालीन जगत गुरू के आसन पर पद स्थापित हो, भारत को संयुक्त राष्ट संघ की सुरक्षा परिषद् में विटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता दिलवाने के उद्देश्य से सदस्य राष्ट ो का नैतिक समर्थन की आशा में प्ररेरित अभियान, अयोध्या में संयुक्त राष्ट संघ का मुख्यालय हो, विवेक रामा स्वामी भारतीय उद्योगपति अमेरिका को संयुक्त राष्ट संघ का नेतृत्व मिले। पर विचार प्रस्तुतीकरण किया जायेगा।

समारोह में विभिन्न राज्यो, केन्द्र शासित प्रदेशो विभिन्न राष्ट्रो के प्रतिनिधी सम्मलित होगे समारोह शुभारम्भ से पूर्व समरसता कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया जायेगा। समारोह में महामहिम प्रथम उपराष्ट पति के संग रात्री भोज में हर गोविन्द कटारिया को सम्मलित किया हैं।

मतदाता सहायता सैल गठित

करौली (नि.स.) । जिला परीवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार गुप्ता की अध्यक्षता मे निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला मतदाता सहायता सैल का गठन किया गया है।

जिसका संचालन कलेक्ट्रेट कार्यालय करौली के कमरा नं. 12बी मे किया जा रहा है। जिला दिव्यांग मतदाता सैल के हैल्पलाईन नं. 6376973184 है।जिसके माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं से प्राप्त वोटिंग से संबंधित समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण किया जा सकेगा।

उन्होने कहा कि जिले के सभी पंजीकृत दिव्यांग मतदाता जिले के दिव्यांग मतदाता वाट्सएप ग्रुप 6376973184 से अपने मतदान केन्द्र से संबंधित बीएलओ से संपर्क कर अनिवार्य रूप से जुडना सुनिश्चित करें।

चालान काटकर की कार्यवाही

करौली (नि.स.) । तंबाकू का सेवन सेहत के लिए हानिकारक है। इसके सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारी हो जाती है फिर भी लोग इसका सेवन करते है। समय समय पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों की रोकथाम हेतु जनजागरूकता गतिविधियां की जाती है।

जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामकेष मीना ने बताया कि अस्पताल परिसर में तंबाकू खाके पिक थूकने से दीवारों पर पिक के निशान एवं गंदगी हो जाती है जिससे साफ सफाई की व्यवथा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी कडी में अस्पताल परिसर में तंबाकू उत्पादों का सेवन कर्ताओं पर कोटपा कानून के तहत 200 रुपए तक जुर्माना एवं समझाइश की जा रही है। उन्होने बताया कि पिछले तीन माह में 300 से ज्यादा तंबाकू सेवनकर्ताओ पर कार्यवाही करते हुए 18000 रुपए की राशि का चालान किया जा चुका है। गुरुवार को भी की गई कार्यवाही में 18 मरीजों के परिजनो से 1100 रुपए का चालान किया गया। उन्होने बताया कि एमसीएच भवन में संचालित कैंटीन पर भी टीम द्वारा की गई आकस्मिक जांच में तंबाकू उत्पादों की बरामदगी की गई।

कोटपा टीम में पीएमओ डॉ. रामकेश मीणा,नशा मुक्ति प्रभारी डॉ प्रेमराज मीना, नर्सिंग अधीक्षक रमेश चंद गुप्ता,वरिष्ट नर्सिंग अधिकारी समय सिंह मीना,नर्सिंग अधिकारी शिवकैलाश मीना एवं सुरक्षागार्ड शामिल रहे। पीएमओ डॉ. रामकेश मीना ने बताया कि कोटपा के तहत की जा रही कार्यवाही एवं समझाइश से अस्पताल परिसर की साफ सफाई पर सकारात्मक प्रभाव पडा है। मरीजों एवं परिजनों को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु कोटपा के तहत कार्यवाही जारी रहेगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत कैलादेवी
पंचायत समिति करौली जिला-करौली (राज.)
क्रमांक:1025 दिनांक: 28.03.2024

सामग्री क्रय सूचना

ग्रा.प. कैलादेवी को मेला व्यवस्था हेतु निम्नानुसार सामग्री की आवश्यकता है।

1. परात, झाडू, दस्ताने, जूता पंजी एवं अन्य सप्लाई सम्बन्धी सामग्री संख्या प्रत्येक 150 नग
2. कुर्सी मेज मेजपोश (चद्दर) सीसा पेपर वेट एवं अन्य सामग्री जिसमें कुर्सी संख्या 20 मेज संख्या 05
3. कूलर संख्या 2, पंखा 5, इन्वेटर संख्या 02
4. सजावटी सामान गमला इत्यादी
5. बैनर पोस्टर आदि एवं पेन्टिंग

नोट:- अन्य सामग्री आवश्यकतानुसार ली जा सकेगी।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कैलादेवी

श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: श्रीटावर्स , प्लाट संख्या 14 ए , साउथ फेज, इंडस्ट्रियल स्टेट, गुंदी, चेन्नई - 600032 तमिलनाडु
शाखा कार्यालय :- रोडवेज डिपो के सामने, प्रीमियर टावर, प्रीमियर ग्लास हाउस के ऊपर, आगरा रोड, दौसा- 303303 राजस्थान

प्रतीकात्मक कब्जा नोटिस

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पढ़े गए उक्त अधिनियम के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है, ताकि उक्त मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाई जा सके।
उधार कर्ताओं द्वारा ऋण राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधार कर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षर कर्ता ने धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मार्च 2024 के इस 27 वे दिन नीचे वर्णित संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्जा ले लिया है। जो की उक्त अधिनियम एवं उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा गया।

उधार कर्ता का नाम और पता	मांग पत्र के अनुसार देय राशि	संपत्ति का विवरण
1) मैसर्स ओम विष्णु आयरन स्टोर का प्रतिनिधित्व द्वारा मालिक श्री लल्लू प्रसाद सैनी पुत्र रामफूल सैनी, नगर पालिका के पास , गंगापुर रोड, तहसील- लालसोट, दौसा- 303503, राजस्थान श्री लल्लू प्रसाद सैनी पुत्र रामफूल सैनी, थाला की ढाणी,मंदिर के पास, तहसील- लालसोट, दौसा- 303503, राजस्थान(उधारकर्ता) 2) श्री कैलाश चंद सैनी, पुत्र रामफूल सैनी, नगर पालिका के पास, तहसील- लालसोट, गंगापुर रोड, दौसा-303503, राजस्थान श्री कैलाश चंद सैनी, पुत्र रामफूल सैनी, प्रताप नगर, वार्ड नंबर 15, तहसील-लालसोट, गंगापुररोड, दौसा-303503, राजस्थान 3) श्री कमलेश सैनी, पुत्र रामफूल सैनी, नगर पालिका के पास , गंगापुर रोड, तहसील- लालसोट, दौसा- 303503, राजस्थान श्री कमलेश सैनी, पुत्र रामफूल सैनी, प्रताप नगर, वार्ड नंबर 15, गंगापुर रोड, तहसील- लालसोट, दौसा- 303503, राजस्थान. (सहउधारकर्ता)	ऋण खाता संख्या :- CDDASTF1803220007 नोटिस दिनांक:- 22-01-2024 के संदर्भ में रूपए Rs-70,78,423/- (सत्तर लाख अठत्तर हजार चार सौ तेईस रुपये मात्र) का भुगतान करने के लिए	वह सभी खसरा नंबर -1316, 3327.50 का क्षेत्रफल, कस्बा लालसोट, थाला की ढाणी, तहसील लालसोट, जिला- दौसा, राजस्थान में स्थित है और निम्नानुसार घिरा हुआ है। खसरा संख्या-1316 की सीमाएँ इस प्रकार हैं:- उत्तर की ओर :-कृषि भूमि दक्षिण की ओर:- कृषि भूमि पूर्व की ओर :- सड़क पश्चिम की ओर :- कृषिभूमि

यह नोटिस बड़े पैमाने पर आम जनता को सावधान करने के लिए भी है कि श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के पास ऊपर उल्लिखित अचल संपत्ति का वैध प्रतीकात्मक कब्जा है और उधार कर्ता या कोई भी व्यक्ति श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना उल्लिखित उपरोक्त किसी भी संपत्ति को पट्टे पर देना/ विक्रय करना या अन्यथा निपटान अथवा अलग करना इस नोटिस की प्राप्ति के बाद बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण नहीं करेगा।

Sd/-
अधिकृत अधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड
स्थान: दौसा
दिनांक: 29-03-2024

जाटों ने संजना जाटव को दिया समर्थन

भरतपुर (निस)। गुरुवार को कुम्हा गांव में जाट समाज की पंचायत हुई। जिसमे करीब एक दर्जन गांव के पंच पटेलों ने भाग लिया। भरतपुर-धौलपुर के जाट समाज को केंद्र में ओबीसी का आरक्षण नहीं मिलने से जाट समाज द्वारा भाजपा के खिलाफ ऑपरेशन गंगाजल अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के चलते पंचायत में भाजपा को हराने के लिए सभी ने मंदिर प्रांगड़ में गंगाजल लेकर कसम खाई। भाजपा को चुनाव हराने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को पंचायत में बुलाया गया और जाट समाज ने उनको चुनाव जिताने की घोषणा करते हुए सर्वसम्मति से समर्थन दिया। पंचायत में सैनी, ब्राह्मण, जाटव समाज के लोगों ने भी अपना समर्थन दिया।

पंचायत में कहा गया कि पूर्व केबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने खुद संजना जाटव को बेटी मानकर आशीर्वाद दिया है और उन्होंने कन्यादान के रूप में बेटी को चुनाव जिताने के लिए वोट करने की अपील की है। जाट आरक्षण संघर्ष समिति द्वारा कुम्हा गांव के बड़े मंदिर पर पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में जाट सरदारी ने हाथ में गंगाजल रखकर भाजपा को हराने के लिए कसम खाई और कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को समर्थन दिया। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने कहा केंद्र में भरतपुर-धौलपुर के जाट समाज को केंद्र में ओबीसी के आरक्षण की मांग को लेकर 40 दिन महापड़ाव किया था

बरगमाँ में ऐतिहासिक हनुमान मेले का आयोजन

महा मृत्युजय मंत्र प्रभाव की सजीव झाकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

दीनबन्धु सेवा समिति बरगमाँ

हिण्डौन सिटी। समीप के गाँव बरगमाँ में ऐतिहासिक हनुमान मेले का आयोजन हुआ जिसमें रामदरबार,शिव परिवार, राधा कृष्ण, ढोला मारू,विराट रुप हनुमान, चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, महाराजा सूरजमल, रानी लक्ष्मी बाई, महा मृत्युजय मंत्र प्रभाव की सजीव झाकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मेले में ठड्डा गायन पार्टियाँ ठड्डा गायन कर रही थी। दरवाजो झोका खावे, याकी ईंट ईंट लहरावो।मेरे राम राम पंचन कूँ, लोहरे, बडे सबन कूँ। जैसे ठड्डा गायन कर रहे थे । ठड्डा की जोठ ढहरा, कजानीपुर, शेरपुर, धुरसी, बनवारीपुर,जमालपुर, विजयपुरा, क्यारदा आदि गाँवों से शिरकत करते आईं। वहीं दर्जनों डी जे एवं बैणडों की धुनों पर युवा मस्ती में झूम रहे थे। आस पास के गाँवों नगला मीना, झारेडा, बिनेगा, इरनियाँ, खेडी चांदला, अलीपुरा, खेडीशीश, जहॉनाबाद आदि से हजारों महिला पुरुष मेला का आनन्द लेने आये।

इस अवसर पर जाट समाज चौरासी के अध्यक्ष गजानन्द थानेदार एवं समस्त कार्यकारिणी के साथ ही पाँचों ब्रांचों के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने मेले में सहभागिता की। कार्य कारिणी सदस्यों एवं ठड्डा गायन जोठों के मेडियाओं का बल्लभराम लहकोडिया, रामावतार लहकोडिया, जगदीश एवं मुकेश लहकोडिया ने निज निवास पर साफा बॅधवाकर सम्मान किया। मेला बडे मंदिर से प्रारम्भ हुआ। करोंट्यया पट्टी, मैजोला पट्टी, खासिया पट्टी, चौथइया पट्टी ,भगताना पट्टी होता हुआ हनुमान मंदिर पर पहुँचा।

रास्ते में जगह जगह चाय, पानी, ठण्डा, शर्वत, बादाम शेक, पपीता शेक के साथ ही पुष्प वर्षा से आगन्तुको का स्वागत किया गया। इसी प्रकार क्षेत्र के बनवारी पुर और ढहरा में बुधवार को हनुमानजी के वार्षिक मेले का आयोजन हुआ। जिसमें परंपरागत तरीके से पूजन कर मेले की विधिवत शुरुआत हुई। इसी के साथ दोनों गांवों में दोपहर बाद धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इस मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा में धार्मिक सजीव झांकियों को देख क्षेत्रवासी अभिभूत हुए। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें सजाई गई। एक ही स्थान पर गृह सज्जा, सौंदर्य प्रसाधन, चाट पकौड़ियों की दुकानों पर खरीदारी होने से भीड़ नजर आई। बता दे हिंडौन क्षेत्र में होली के बाद कई वार्षिक मेलों का आयोजन होता है।

जिसमें दूरदराज से दुकानदार अस्थायी दुकाने जमाकर बिक्री करते है। बनवारी पुर और ढहरा के प्रसिद्द हनुमान मंदिर में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दर्शनों के उपरांत ग्रामीणों ने मेले में आयोजित शोभायात्रा का आनंद लिया।

होली मिलन समारोह संपन्न

गंगापुर सिटी । सनाढय गौड ब्राह्मण समाज गंगापुर सिटी के द्वारा समाज का होली स्नेह मिलन समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया जिसमें समाज की महिलाओं एवं पुरुषों एवं बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। समाज के होली मिलन के अवसर पर होली गायन पार्टी पिंटू एंड रानीला द्वारा होली के गीत गाए गए। इस मौके पर समाज के कोषाध्यक्ष डॉ. मनोज शर्मा ने समाज को संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ रामचरण बोहरा बामनवास वाले एवं जगदीश लहावद थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत कैलादेवी
पंचायत समिति करौली जिला-करौली (राज.)
क्रमांक:1024 दिनांक: 28.03.2024

नीलामी विज्ञापन सूचना-2024

मेलाग्राउड मनोरंजन आईटम हेतु/ग्रा.प. के शौचालय हेतु/आवादी भूमि में दूकान हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा.पं. कैलादेवी में चैत्र मेला 2024 अवधी 6.4.2024 से 22.4.24 तक लगने वाले मेले में दिनांक 1.4.2024 को प्रात: 10:00 बजे राजीव सेवा केन्द्र में खुली बोली द्वारा आयोजित की जावेगी निविदा में भाग लेने हेतु बोलीदाताओं का फार्म ग्रा.प. कार्यालय से दिनांक 29.3.2024 से 31.2.2024 तक सायं 5:30 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

शर्ते निम्नानुसार रहेगी।

1- मेला ग्राउण्ड बस स्टैण्ड राजीव गांधी केन्द्र के पास एवं दुर्गा सागर ग्राउड के पास रहेगा। जिसमें मनोरंजन आइटम लगवाये जा सकते है। जिनकी सरकारी बोली क्रमश: 2:00 लाख व 1:00 लाख रहेगी।
2- आबादी भूमि पर दुकान हेतु प्रतिफिट 100 रूपये रहेगी।
3- दुकानो की साइज एवं जगह ग्रा.पं. सुनिश्चित करेगी। नदी घाट पर निर्मित ग्राम पंचायत के शौचालय की सरकारी बोली 50,000 रूपये रहेगी। यदि बोली की सुविधा धाम हेतु साबुन/सोडा आदि एवं सफाई व्यवस्था स्वयं ठेकेदार की जिम्मेदारी रहेगी।

नोट:- अन्य शर्ते कार्यालय समय में ग्रा.प. में देखी जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कैलादेवी